दि ग्राम टुडे
हिन्दी दैनिक

अपना प्रदे

किसानों के खातों में 18,690 करोड़ रुपये जारी

दि ग्राम टुडे,
कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), दलीप नगर के सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के बनासकांठा से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान निधि सीधे अंतरित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन और सम्मान निधि की किस्त



जारी किए जाने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शुभम बाजपेई ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के अन्नदाताओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने वाली महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से किसानों को खेती–किसानी से जुड़ी छोटी–बड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पात्र किसानों को साल में तीन बार दो–दो हजार रुपये की किस्त के रूप में कुल छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह धनराशि छोटे और गरीब किसानों के लिए काफी सहायक साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि का मार्ग गांवों से होकर गुजरता है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत किए बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं किया जा सकता। कृषि और किसान देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। इसलिए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही खेती को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाना भी जरूरी है।

मुख्य अतिथि ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि धरती माता और स्वयं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचना चाहिए। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण की शुद्धता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य को संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से कृषि वैज्ञानिकों की सलाह लेकर आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह, वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. शशिकांत तथा गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देने के साथ ही प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक किया गया।

पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर में शुक्रवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने का सजीव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से देश के 9 .34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेयी रहे। उन्होंने कहा कि योजना से किसानों को खेती-किसानी की जरूरतें पूरी करने में आर्थिक मदद मिल रही है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का सीमित प्रयोग करने और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। इस दौरान केवीके प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह समेत वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।